प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 21.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में बोकारो पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एक करोड़ के इनामी नक्सली विवेक समेत 8 उग्रवादी ढेर, घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार बरामद।
2. सरायकेला–खरसावां के उपायुक्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17वें सिविल सेवा दिवस पर उत्कृष्टता पुरस्कार से किया सम्मानित।
3. स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने जमशेदपुर सदर अस्पताल का किया निरीक्षण, सुधार की योजना की घोषणा की।
4. राज्य में पश्चिमी हवा के प्रभाव से तापमान में वृद्धि, राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा।
5. भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना, कप्तान सलीमा टेटे ने कहा– प्रो लीग की तैयारी के लिए अहम दौरा।

******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बोकारो में आज सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी केंद्रीय कमेटी सदस्य विवेक और बिहार का इनामी अरविंद यादव भी शामिल है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुष्टि की है कि अब तक आठ नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। सीआरपीएफ के अनुसार, घटनास्थल से एके सीरीज की एक राइफल, एक एसएलआर, तीन इंसास राइफलें, एक पिस्तौल और आठ देसी रायफल बरामद हुई हैं। इस मुठभेड़ में कोई सुरक्षाकर्मी घायल नहीं हुआ है और इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस पर लोक सेवकों को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की सफलता शानदार रही है। गिरिडीह जिले का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वहां नल से जल कनेक्शन 18 प्रतिशत से बढ़कर शत प्रतिशत हो गया है।

मौके पर लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 16 अधिकारियों को प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें झारखंड से सरायकेला खरसावां के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को भी आकांक्षी जिलों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिया गया।

******************

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कल रात जमशेदपुर के खासमहल स्थित सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कहा कि इसकी स्थिति संतोषजनक है, लेकिन इसे और बेहतर बनाने की योजना है।

******************

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्यक्ष लाभ अंतरण–डीबीटी पहल ने तीन लाख 48 हजार करोड़ रुपये की बचत की है। श्री वैष्णव ने भारत की डीबीटी प्रणाली का मात्रात्मक आकलन शीर्षक से एक नीति पत्र का हवाला दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में

कहा कि इस पहल के अंतर्गत, लाभार्थियों की संख्या में 16 गुना वृद्धि हुई है। नीति पत्र के अनुसार, वर्ष 2013 में लागू की गई डीबीटी प्रणाली ने पारदर्शिता बढ़ाकर, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है।

******************

घरेलू शेयर बाजार का सेंसेक्स और निफ्टी आज बढ़त के साथ खुले। लगातार पांचवें दिन शेयर बाजार ने अपनी बढ़त जारी रखी है। अब से कुछ देर पहले बम्बई शेयर बाजार का सेंसेक्स 812 अंक बढ़कर 79 हजार 366 पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 257 अंक बढ़कर 24 हजार 109 पर पहुंच गया।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 89 हजार प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार प्रति किलो है।

******************

गिरिडीह जिले के पचम्बा इलाके में एक कपड़े की दुकान में देर रात भीषण आग लग गई, जिससे लाखों की संपत्ति जल गई। दमकल की कई गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक बच्ची की तलाश जारी है। झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने घटना पर दु:ख व्यक्त किया है और कहा कि फायर बिग्रेड को और मजबूत किया जाएगा।

******************

राष्ट्रीय डेल्टा रैंकिंग में कोडरमा के आकांक्षी प्रखंड जयनगर को 55वां रैंक मिला है।

******************

- रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र स्थित भुचुंगडीह गांव में वर्षों से बंद पड़ी सीसीएल की भूमिगत खदान में भीषण आग लगी है, वार्ड सदस्य ठाकुरदास महतो ने सीसीएल प्रबंधन और प्रशासन से आग पर जल्द काबू पाने की मांग की है।
- पलामू जिले में नेशनल हाईवे 98 पर नावा बाजार थाना क्षेत्र के कंडाघाटी में आज सुबह एक कार और ट्रक की टक्कर में कार चालक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को मेदिनीनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

******************

राज्य में गर्म और शुष्क पश्चिमी हवा के प्रभाव से रांची समेत सभी जिलों में तापमान में वृद्धि के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री तक का इजाफा हो सकता है।

******************

अब कुछ खेल की खबरें

- भारतीय महिला हॉकी टीम कल रात ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई, जहां वह पांच मैचों की फ्रेंडली सीरीज खेलेगी। इस दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मैचों से होगी, इसके बाद 1, 3 और 4 मई को सीनियर ऑस्ट्रेलियाई टीम से मुकाबला होगा। टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने इसे प्रो लीग की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बताया है।
- पेरू के लीमा में आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप कप में भारत के रुद्रांक्ष पाटिल और आर्या बोरसे ने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम स्पर्धा का रजत पदक जीत लिया है। भारत ने अब तक दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित छह पदक जीते हैं।
- झारखंड राज्य वुशू एसोसिएशन के तहत रामगढ़ के चितरपुर महाविद्यालय परिसर में जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। रजरप्पा वुशू

एकेडमी ने 55 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता, जबकि श्रीराम पब्लिक स्कूल दूसरे और एसएस डीएवी स्कूल तीसरे स्थान पर रहे।

******************